website.- https://crimepatrol.live

# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 232 देहरादून बुधवार 27 जुलाई 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये

# सौर ऊर्जा पर जोर

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश बनाने में यूजेवीएनएल अबतक सफल होता नहीं दिख रहा है। राज्य में 18 परियोजनाएं संचालित हैं लेकिन अब भी जरूरत से आधा ही बिजली का उत्पादन हो पा रहा है। ऐसे में हाइड्रो प्रोजेक्ट्स के जरिए जरूरत पूरी न कर पाने वाला यूजेवीएनएल अब सौर ऊर्जा की तरफ जाता दिख रहा है। यही कारण है कि यूजेवीएनएल ने प्रदेश में 150 मेगावॉट की परियोजना पर काम करने का मन बनाया है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड में पहाड़ों से निकलने वाली जल धाराएं प्रदेश के लिए ऊर्जा का बड़ा जरिया हैं। माना जाता है कि प्रदेश इन जल धाराओं के जरिए हाइड्रो प्रोजेक्ट में इतनी ऊर्जा का उत्पादन कर सकता है कि न केवल अपनी जरूरत बल्कि प्रदेश की आर्थिकी को भी इसी से ही चलाया जा सकता है। लेकिन प्रदेश की खराब आर्थिक हालात और पर्यावरण संबंधी आपत्तियों ने राज्य में हाइड्रो प्रोजेक्ट के भविष्य



को लेकर चिंताएं पैदा कर दी हैं। हालांकि राज्य में अब भी करीब 18 परियोजनाएं यूजेवीएनएल द्वारा संचालित की जा रही हैं। लेकिन एक के बाद एक शुरू की गई परियोजनाओं के बावजूद उत्तराखंड अपनी जरूरत के 50% तक की ही बिजली उत्पादन कर पा रहा है। इसकी वजह जो भी हो लेकिन अब यूजेवीएनएल से जरूरत पूरी करने को लेकर फिलहाल उम्मीदें कम हैं। ऐसे में यूजेवीएनएल ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी काम करने का फैसला लिया है। वैसे अब तक यूजेवीएनएल 26 मेगावॉट की सौर ऊर्जा के क्षेत्र में परियोजना शुरू कर चुका है। जबकि अब 150 मेगावॉट की परियोजना सौर ऊर्जा में शुरू करने पर काम चल रहा है। इसके लिए उत्तराखंड सरकार की तरफ से भी उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड को अनुमति दे दी गई है। उसके बाद सरकार की विभिन्न खाली पड़ी जमीनों पर सौर ऊर्जा के प्लांट लगाने की तैयारी की जा रही है। इसमें विभागों से अनुपयोगी सरकारी जमीनों का हस्तांतरण करने की कोशिश की जा रही है ताकि उन पर सोलर पर योजनाओं को लगाने का काम किया जा सके।



''योजना है कि हम सोलर परियोजना पर भी अच्छे से काम करें। 26 मेगावाट की सोलर परियोजनाओं पर काम कर चुके हैं। हमारा लक्ष्य 150 मेगावाट की परियोजनाओं पर काम करने का है। इसके लिए राज्य सरकार से अनुरोध किया था। सरकार ने गवर्नमेंट की अनयूटिलाइज्ड जमीन पर सोलर लगाने के लिए यूजेवीएनएल को अधिकृत किया है। राजकीय विभागों के पास जो अनुपयोगी जमीन उपलब्ध है, यदि उस भूमि को यूजेवीएनएल को स्थानांतरित करते हैं तो उन पर भी सोलर परियोजना लगाने का कार्य किया जाएगा।''

**संदीप सिंघल, प्रबंध निदेशक यूजेवीएनएल**




## नकल माफियाओं पर सर्जिकल स्ट्राइक जारी

स्टाफ रिपोर्टर

**देहरादून।** एसटीएफ ने चंद रोज पहले यूकेएसएससी की परीक्षा में धांधली का भंडाफोड़ करते हुए कुछ लोगों को अरेस्ट किया था। जांच में मिले सुरागों की कड़ियां जोड़ते हुए एसटीएफ के हाथ अब प्रदेश के बाहर बैठे नकल माफियाओं के सहयोगियों तक पहुंच रहे हैं। उक्त परीक्षा में धांधली के तार लखनऊ की प्रिंटिंग प्रेस से जुड़े पाए गए हैं। परीक्षा के गोपनीय कार्य में लखनऊ स्थित आरएमएस टेक्नो सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत अभिषेक वर्मा को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि परीक्षा लीक मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए धांधली में लिप्त इस अहम कड़ी का पर्दाफाश हुआ है।

## चोरी के मामलों का पर्दाफाश

**देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर।** नेहरू कालोनी पुलिस ने चोरी के दो मामलों का 36 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए शातिर युवक मोहित डिसूजा पुत्र राजू निवासी गढ़वाली कॉलोनी, रायपुर (मूल निवासी ग्राम हलदोई नयाबलीवाला रोड, मुरादाबाद) को चोरी के दो लाख रूपए, आला नकब, घटना में इस्तेमाल बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आदर्श कालोनी निवासी मौहम्मद नौशाद की रिंग रोड स्थित डेयरी में 24 जुलाई की देर रात गल्ला तोड़कर 2 लाख 77 हजार नकद चोरी हुई थी। इसी रात बसंत एनक्लेव नवादा निवासी संदीप पाल की रिंग रोड स्थित डेयरी में गल्ला तोड़कर 20 हजार नकदी चोरी हुई थी। दोनों ही मामलों में शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। पुलिस की दो टीमों ने घटनास्थल के



समीप के सीसीटीवी कैमरों की जांच की। साथ ही पुराने चोरों के सत्यापन किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बीती रोज मोहित को चोरी के माल के साथ लोअर नत्थनपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में मोहित ने बताया कि वह दूध की गाड़ी चलाने का कार्य करता है और पिछले कुछ समय से आर्थिक स्थिति डांवाडोल चलने पर उक्त दोनों डेयरी में नकदी चोरी की थी। पुलिस के अनुसार मोहित पहले भी रायपुर थाने से एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल जा चुका है।

## बाइक की जोरदार टक्कर से टोल प्लाजा कर्मचारी युवती जख्मी

स्टाफ रिपोर्टर

**देहरादून।** वाहन चलाते समय छोटी सी लापरवाही बड़ी सड़क दुर्घटना को दावत दे सकती है। यातायात के अपने तमाम नियम और कायदे कानून होते हैं इसका पालन करना जरूरी है। बावजूद इसके लगातार लापरवाही देखने को मिल रही है। पिछले एक हफ्ते के दौरान देहरादून के डोईवाला क्षेत्र के लच्छीवाला में टोल प्लाजा पर दो सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जो नियमों की अनदेखी को उजागर कर रही हैं। लच्छीवाला टोल प्लाजा पर पिछले दिनों एक ट्रक पलटने से बड़ा हादसा हुआ था और आज एक बार फिर से उसी जगह पर दूसरा हादसा भी देखने को मिला है। देहरादून से डोईवाला की ओर आ रहे बाइक सवार से महिला टोल कर्मी टकरा गयी और गंभीर रूप से घायल हो गई। दरअसल, देहरादून की ओर से आ रहा बाइक



का चालक काफी तेज रफ्तार में था। बाइक के लिए लेन नंबर 5 होती है, लेकिन खाली जगह देखकर वह तेज गति के साथ लेन नंबर 4 में घुस गया। वह तेजी से गुजर ही रहा था कि अचानक एक महिला टोलकर्मी उसकी बाइक के सामने आ गयी। बाइक से महिला टोलकर्मी को जबरदस्त टक्कर लगी जिससे वह घायल हो गयीं। एम्बुलेंस के माध्यम से घायल महिला टोलकर्मी को हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट लाया गया जहां उसके दांये पैर के अलावा सिर में भी चोटें आयी हैं।

## छोटी-छोटी खबरें



### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**देहरादून, नगर संवाददाता।** दर्शन लाल चौक पर रोटरी क्लब देहरादून सेन्ट्रल के निदेशक कर्न. मनोज गुप्ता, सचिव अभिषेक सेठी एवं निरीक्षक यातायात प्रदीप कुमार मय यातायात टीम द्वारा देहरादून शहर के उक्त मुख्य चौराहा पर सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत वाहन चालकों तथा राहगिरों को सड़क सुरक्षा / यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया गया। साथ-साथ यातायात नियमों सम्बन्धी लगभग 700 पम्पलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम में रोटरी क्लब सदस्य तथा यातायात पुलिस से मुख्य आरक्षी कुलदीप कोहली एवं अन्य यातायात उपस्थित रहे।

### दून पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

**देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर।** एसएसपी दलीप सिंह कुंवर के निर्देश पर जनपद पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखी है। पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14.52 ग्राम स्मैक बरामद किया है। पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पटेलनगर पुलिस ने सहारनपुर निवासी मोहम्मद नवाज पुत्र नवाब अहमद को 8.42 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रिक तराजू और 15300 नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं सेलाकुई पुलिस ने पीलीभीत निवासी अजहरूद्दीन पुत्र कमरूद्दीन को 6.10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला-बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइवः**

प्रवीन भारद्वाज- 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

ई-मेलः crimepatrol2011@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# सेना को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही केंद्र सरकारः धामी

**क्राइम पेट्रोल संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कारगिल लड़ाई में मां भारती की रक्षा के लिये हमारे वीर जवानों ने पराक्रम की नई परिभाषा लिखी। कारगिल में भारत के रणबांकुरों का दुश्मन के खिलाफ किया गया सिंहनाद... 1999 से लेकर आज तक उसी वेग से गूंज रहा है। भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता ने दुश्मन को एक बार फिर ये बतला दिया था कि उसके रहते हुए, तिरंगे की आन-बान और शान में रत्ती भर की भी कमी नहीं आ सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने कारगिल युद्ध में जिस प्रकार की विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा, उससे पूरे विश्व ने भारतीय सेना का लोहा माना। कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल की यह विजय गाथा भी उत्तराखंड के वीरों के बिना अधूरी है और अपने 75 सपूतों का बलिदान... ये वीर भूमि कभी नहीं भुलाएगी। जिस सांस्कृतिक परिवेश और विचारों ने हम सभी को पोषित किया है, उस संस्कृति में मान्यता है कि देशभक्ति सभी प्रकार की भक्तियों में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं तो स्वयं एक सैनिक परिवार से आता हूं और सेना के साथ मेरा रिश्ता आत्मीयता का रिश्ता है। अपने पिता जी से सुनी सैन्य वीरों की गाथाओं ने मुझे बचपन से ही बहुत प्रभावित किया और मेरे अंदर राष्ट्र के प्रति संपूर्ण समर्पण की भावना को जागृत किया। मैंने बचपन से ही एक सैनिक और उसके परिवार के संघर्ष को देखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध के समय अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे। हमने युद्ध भी जीता और वैश्विक स्तर पर कूटनीति में भी जीते। अटल जी ने शहीदों का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गाँव में राजकीय सम्मान के साथ करने की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से सेना ना केवल पहले से और अधिक सक्षम और सशक्त हो रही है बल्कि उसकी यश और कीर्ति भी बढ़ रही है। हमारी सरकार जहां एक तरफ सेना के आधुनिकीकरण पर बल दे रही है तो वहीं सैनिकों और उनके परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं को भी बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री मोदी निरंतर सैनिकों के साहस और मनोबल को बढ़ा रहे हैं और यही कारण है कि सेना आज गोली का जवाब गोले से दे रही है। भारत सरकार हर स्तर पर सेना को सदृढ़ करने का कार्य कर रही है और इसी कड़ी में अग्निपथ जैसी बहुमुखी योजना को भी लागू किया गया है। इस योजना को युवाओं ने अपना अभूतपूर्व समर्थन दिया है और सेना को रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। ये उत्साह दिखाता है कि हमारी युवा पीढ़ी ना केवल राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए भी पूरी तरह से सजग है।

## शव मिला, नहीं हो सकी पहचान

**स्टाफ रिपोर्टर**

**रायवाला।** मोतीचूर रेंज के समीप युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। वन विभाग के कर्मचारी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एचसी जखमोला कर्मी वन विभाग मोतीचूर रेंज द्वारा थाना रायवाला के सरकारी न. पर कॉल कर सूचना दी गयी कि मोतीचूर रेंज के कम्पार्टमेंट -13 में एक पुरूष का शव पड़ा है। थानाध्यक्ष रायवाला स्वयं घटनास्थल पर पंहुचे व संबंधित क्षेत्र की चीता व बीट अधिकारी को घटनास्थल पर पंहुचने हेतु आदेशित किया गया। घटनास्थल पर पंहुचने पर पाया कि शव पर कपड़े नहीं हैं और सड़ी गली अवस्था में है। जिसका चेहरा पूरी तरह से कीड़ों द्वारा खा लिया गया है। मृतक की उम्र करीब 45-50 वर्ष के लगभग है। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम द्वारा शव की अंगुष्ठ छाप लिये गये व डॉगस्क्वॉड द्वारा भी आवश्यक कार्यवाही की गई।

पुलिस के अनुसार शव के पास से कोई भी आधार कार्ड या आईडी बरामद नही हुई है। जिस कारण शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस द्वारा मृतक के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस द्वारा शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु राजकीय चिकित्सालय हरमिलाप हरिद्वार भिजवाया गया है।

## बाधित सड़क मार्गों को खोलने का काम तेजी पर

**नगर संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य में आपदा प्रबंधन तंत्र प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत अवरूद्ध हुए कुल 27 मार्ग एवं पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत अवरुद्ध हुए 78 मार्गों को विभागीय एवं प्राईवेट मशीनों द्वारा खोले जाने की कार्यवाही गतिमान है। लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत कुल 398 मशीने अवरूद्ध मार्गों को खोलने के लिए तैनात की गयी है, जिसमें से अधिकाश मशीनों में एआईएस मॉडल जीपीएस स्थापित किया जा चुका है, जिससे मशीनों की ट्रैकिंग की जा सके।

ऊर्जा विभाग के अन्तर्गत राज्य के अधिकतर जनपदों में विद्युत आपूर्ति सुचारू है। केवल पिथौरागढ़ एवं उत्तरकाशी के कुछ ग्रामों में, जैसे हुनेरा, पमस्यारी, शेराघाट, चौना पटल विद्युत व्यवस्था सुचारू करने हेतु कार्य गतिमान है। वर्तमान तक राज्य के कुल 62 ग्रामों में विद्युत व्यवस्था बाधित हुई थी जिसमे से विद्युत विभाग द्वारा 43 गांवों की विद्युत व्यवस्था सुचारू कर दी गई है। शेष 19 ग्रामों में विद्युत बहाली कार्य गतिमान है। पेयजल निगम के अन्तर्गत राज्य में मानसून अवधि में दिनांक 15 जून 2022 से वर्तमान तक कुल 65 योजनाओं में अतिवृष्टि एवं आपदा के कारण अवरोध उत्पन्न हुआ था। जिनको सुचारू कर दिया गया है। वर्तमान में राज्यान्तर्गत कोई भी पेयजल योजना बाधित नहीं है। 26 जुलाई को राज्य अंतर्गत सभी योजनाएं सुचारू हैं। जल संस्थान के अन्तर्गत आपदा से पेयजल योजनाओं के क्षतिग्रस्त होने पर सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये पुनस्थापना का कार्य किया जाता है, जिसमे शाखाओं एवं अन्य योजनाओ में पूर्व से कार्यरत प्रशिक्षित फिटर, बेलदार को तैनात किये जाते है। आपदा की स्थिति में विभिन्न शाखाओं में पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु 71 विभागीय टैंकर उपलब्ध है एवं किराये के 219 पेयजल टैंकर चिन्हित है। राज्य के अन्तर्गत वर्ष 2022 में दैवीय आपदा / अतिवृष्टि से वर्तमान तक कुल 489 पेयजल योजनायें क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिनमें से 489 पेयजल योजनाओं में अस्थायी व्यवस्था से पेयजल आपूर्ति चालू कर दी गयी है। विगत 3 दिवस के भीतर दैवीय आपदा/ अतिवृष्टि से 4 पेयजल योजनायें क्षतिग्रस्त हुई है, जिसमें सभी पेयजल योजनाओं को अस्थायी व्यवस्था से पेयजल आपूर्ति चालू कर दी गयी है।

# किसानों के हित को नजर में रखते हुए बनाई जाएं योजनाएं



**नगर संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जाए। जनपदों में मुख्य विकास अधिकारियों की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाए। जिसमें कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारी भी हों। सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग कृषि एवं उद्यान विभाग के साथ समन्वय से कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों को 2025 तक बेस्ट प्रैक्टिस के तौर पर धरातल पर क्या कार्य कर सकते हैं एवं अगले 10 सालों का रोडमैप बनाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग को पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए बागवानी पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। 5 सालों में राज्य की जीडीपी को दोगुना करने के लिए सभी विभागों को तेजी से कार्य करने होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सौंग एवं जमरानी बहुद्देशीय परियोजना पेयजल एवं सिंचाई की दृष्टि से राज्य के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सौंग बांध पेयजल परियोजना की अवशेष स्वीकृति संबंधी कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि परियोजनाओं में विलम्ब न हो, यदि कहीं कोई समस्या आ रही है, तो ऐसे मामले उच्च स्तर पर लाये जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोलीढ़ेक, थरकोट झील एवं गगास जलाशय का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि योजना पूर्ण होने की जो अवधि निधरित की गई हो, उस अवधि में वह पूर्ण हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ब्लॉक स्तर पर एक-एक गांव में पॉयलेट बेस पर स्प्रिंकलर आधारित सिंचाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के शहरी क्षेत्रों के लिए ड्रेनेज प्लान जल्द बनाया जाए। जल संरक्षण एवं जल संवर्द्धन की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। जलाशयों की क्षमता वृद्धि के लिए और प्रभावी प्रयासों की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई विभाग की अगली बैठक कब होगी, यह आज ही तय किया जाए। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि बैठक में जो भी निर्णय लिए जाते हैं एवं जो लक्ष्य दिये जा रहे हैं, उनकी प्रगति की सम्पूर्ण जानकारी अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, एचसी सेमवाल, एसएन पाण्डेय, अपर सचिव ललित मोहन रयाल, सिंचाई विभाग के विभागाध्यक्ष मुकेश मोहन एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 9 लाख कीमत के 34 फोन खोजे

**क्राइम पेट्रोल संवाददाता**

**चमोली।** पुलिस ने नौ लाख कीमत से अधिक के 34 मोबाइल फोन खोजकर फोन मालिकों को सौंपा। फोन वापस पाकर फोन मालिकों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठे। पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा आम जनता के खोए हुए मोबाइल फोन की लिखित शिकायतों का गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए मोबाइल रिकवरी सैल को त्वरित कार्यवाही कर मोबाइल फोन की बरामदगी किए जाने के लिए आदेशित किया गया। मोबाइल रिकवरी सैल में नियुक्त कर्मियों द्वारा शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्रों के आधार पर माह जुलाई 2022 तक खोये हुए मोबाइलों को सर्विलांस के माध्यम से छानबीन शुरु की गयी। पुलिस ने आईएमईआई के आधार पर विभिन्न स्थानों से 13 मोबाइल फोन रिकवर किए गए, साथ ही माह मई में बद्रीनाथ धाम में 21 श्रद्धालुओं के खोये हुए फोन रिकवर कर फोन स्वामियों के सुपुर्द किए गए।



अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर मोबाइल स्वामी अत्यधिक प्रसन्न हुए। उनका कहना था कि खोया हुआ मोबाइल फोन वापस मिल पाएगा ऐसी उन्हें उम्मीद नहीं थी, कुछ ने बताया कि मोबाइल पर सारे निजी कागजात थे जो गलत हाथों में न जाये इसे लेकर चिंतित थे।

मोबाइल प्राप्त करने पुलिस कार्यालय में उपस्थित हुए मोबाइल स्वामियों को पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा उनके मोबाइल सुपुर्द किए गए। मोबाइल प्राप्त करने वाले आवेदकों ने चमोली पुलिस की इस अनुकरणीय कार्यवाही पर पुलिस टीम को हृदय से सराहना की गयी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप लोगों की खुशी देख हमारी टीम का भी उत्साह बढ़ा है। उन्होंने सभी को सलाह दी कि अपने फोन में कभी भी व्यक्तिगत अति महत्वपूर्ण जानकारियाँ एवं फोटोग्राफ नहीं रखें। आपकी व्यक्तिगत जानकारियों को दुरुप्रयोग हो सकता है।

# वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी पर भड़के कांग्रेसी

**नगर संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार किये जाने के खिलाफ कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को परेशान किया जा रहा है। करन माहरा ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा शान्तिपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा था, परन्तु विद्वेश की भावना से उन्हें गिरफ्तार किया है जोकि स्वच्छ लोकतंत्र के लिए अच्छी परिपाठी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ने का काम करेगा। इस असवर पर पूर्व पीसीसी अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह भी उपस्थित थे। प्रीतम सिंह ने कहा कि पूरे देश में कांग्रेसजन अपनी अध्यक्षा सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में शान्तिपूर्ण ढंग से सत्याग्रह कर अपना विरोध जता रहे हैं। उसी क्रम में दिल्ली के अन्दर जिस तरह से हमारे नेता राहुल गांधी समेत वरिष्ठजनों को गिरफ्तार किया गया है वह बहुत ही निंदनीय है।

इस दौरान उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, सूर्यकान्त धस्माना, महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, पूर्व विधायक राजकुमार, आयेन्द्र शर्मा, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, नवीन जोशी, राजेन्द्र शाह, राजीव महर्षि, गरिमा महरा दसौनी, जयन्त रमोला, सुजाता पॉल, गौरव चौधरी, संजय किशोर, अश्विनी बहुगुणा, सुशील राठी, जसविन्दर गोगी, रोबिन त्यागी, दिनेश कौशल, मोहन काला, नवनीत सती, शोभाराम आदि उपस्थित थे।

# देश की विकास यात्रा में उत्तराखंड का अहम योगदान

**क्राइम पेट्रोल संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस समय देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और इस अमृतकाल में हमारे सामने नए लक्ष्य, नए संकल्प और कई चुनौतियां हैं।

इस समय हमें अपने लक्ष्यों को तय कर इनकी सिद्धि का संकल्प लेना है और इस सिद्धि के मार्ग में आने वाली चुनौतियों को दूर करना है। हमारा देश जिस विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है इस यात्रा में उत्तराखंड एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है। विकास की यात्रा हम सभी की सामूहिक यात्रा है। सभी को मिलकर विकास का संकल्प लेना है। विभिन्न युद्धों, सीमान्त झड़पों तथा आंतरिक सुरक्षा में शहीद हुये सैनिकों की विधवाओं / आश्रितों को एकमुश्त रूपये दस लाख का अनुग्रह अनुदान अनुमन्य किया गया है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा युद्ध विधवा / युद्ध अपंग सैनिकों को (रूपये दो लाख) की आवासीय सहायता प्रदान की जाती है।

उत्तराखण्ड इस प्रकार की सुविधा प्रदान करने वाले चुनिन्दा राज्यों में एक है जहाँ सेवारत / पूर्व सैनिकों को 25 लाख मूल्य के स्थावर सम्पत्ति के खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट अनुमन्य की गयी है। उत्तराखण्ड इस प्रकार की नियुक्ति करने वाला एकमात्र राज्य है जहाँ भूतपूर्व सैनिकों में से ब्लाक प्रतिनिधियों की नियुक्ति कर उन्हें मानदेय दिया जा रहा है। इनका मानदेय रू 8000/- प्रतिमाह किया गया है। इनका मुख्य कार्य अपने क्षेत्र के सेवानिवृत सैनिकों तथा सैनिक विधवाओं से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं को सुलझाना है और उनको सभी मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देना भी है। उत्तराखण्ड के दूर-दराज के जिलों में निवास कर रहे पूर्व सैनिकों, विधवाओं के आश्रितों को सेना / अर्द्ध सैनिक बल एवं पुलिस भर्ती हेतु प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं। प्रदेश में इस प्रकार के दो प्रशिक्षण केन्द्र देहरादून तथा टनकपुर (चम्पावत) में खोले गये हैं उत्तराखण्ड देश में इस प्रकार की सुविधा प्रदान करने वाला पहला प्रदेश है।

उत्तराखण्ड सैनिक विधवाओं की पुत्री एवं पूर्व सैनिकों की अनाथ पुत्रियों के विवाह हेतु एक लाख रूपये का अनुदान दिया जाता है। सैनिक विधवाओं के पुनर्विवाह हेतु एक लाख रूपये का अनुदान दिया जाता है। पूर्व सैनिकों तथा सैनिक विधवाओं के बच्चों को कक्षा 1 से स्नातकोत्तर / व्यावसायिक शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। राज्य सरकार द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध की युद्ध विधवाओं एवं आश्रितों को राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली पेंशन की धनराशि को 8000 रू. प्रतिमाह से बढ़ाकर 10,000 प्रतिमाह किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग, एनडीए, सीडीएस और उनके समकक्ष लिखित परीक्षा पास करने वाले राज्य के अभ्यर्थी को साक्षात्कार की तैयारी के लिए 50 हजार रूपये की सहायता दी जा रही है।

सरकार द्वारा आगे आने वाले समय में भी सेवारत सैनिकों / पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के हितों के लिए निरन्तर प्रयास जारी रहेंगे।

# जनपद स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वितरित किए गए

नगर संवाददाता

**देहरादून।** जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में जनपद स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार मुख्य विकास अधिकारी देहरादून झरना कमठान तथा अपर जिलाधिकारी डॉ शिव कुमार बरनवाल के सानिध्य में वितरित किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी, केंद्रीय विद्यालय ओएफडी, केंद्रीय विद्यालय अपर कैंप, केंद्रीय विद्यालय रायवाला, ज्योति स्पेशल स्कूल सहित जनपद देहरादून के 36 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ मुकुल कुमार सती द्वारा अवगत कराया गया कि स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 की स्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा मंत्रालय), स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत सरकार द्वारा विद्यालयों में पेयजल एवं स्वच्छता कार्यक्रम के प्रयासों में उत्कृष्टता को मान्यता देने, प्रेरित करने और पुरस्कृत करने के उद्देश्य से सन 2016 -17 में की गई थी।



पुरस्कारों का स्पष्ट उद्देश्य उन विद्यालयों को सम्मान करना है, जिन्होंने स्वच्छ विद्यालय अभियान के सभी मुख्य लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 के दिशा निर्देश कोरोना वायरस महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए थे। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाला प्रत्येक विद्यालय तथा प्रत्येक उपश्रेणी में 5 विद्यालय जनपद स्तर पर चयनित किए जाने थे।

जनपद स्तर पर स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 के लिए जनपद के समस्त 6 विकास खंडों से 696 विद्यालयों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरा गया जिसमें संकुलवार विद्यालयों के मूल्यांकन हेतु 89 टीम बनाई गई थी। प्रत्येक टीम में 3 मूल्यांकनकर्ता थे। प्रत्येक टीम को दूसरे संकुल के विद्यालयों का मूल्यांकन करना था। यह पूरा कार्य ऑनलाइन मोड में संपन्न किया जाना था। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 हेतु दो श्रेणियां निर्धारित थी। पहली ओवरऑल कैटेगिरी और दूसरी सब कैटेगिरी। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 की ओवरऑल कैटेगिरी में कुल 8 विद्यालय चयनित किए गए थे। इसी प्रकार सब कैटेगिरी में कुल 28 विद्यालय चयनित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालयों से प्रधानाचार्य छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ दीपक नवानी, खंड शिक्षा अधिकारी चकराता पूजा नेगी दानु, उमा पंवार, सतीश सेमवाल, मदान मोहन सुंदरियाल, कुलवीर परमार, देवेंद्र रावत दरबान भंडारी, आदि उपस्थित रहे।

## उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य महोत्सव का आयोजन

नगर संवाददाता

**ऋषिकेश।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत की आजादी के 75 वर्षों का उत्सव मनाने के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 25 से 30 जुलाई तक उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। देहरादून, नैनीताल, पौड़ी-गढ़वाल व कोटद्वार, उत्तरकाशी और चंपावत जिलों में उज्जवल भारत.. उज्ज्वल महोत्सव का आयोजन किया गया। देहरादून में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक बृजमोहन गैरोला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसी क्रम में नैनीताल, पौड़ी-गढ़वाल व कोटद्वार, उत्तरकाशी और चंपावत में आयोजित इन कार्यक्रमों के दौरान जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



इस दौरान ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और ऊर्जा के क्षेत्र पर लघु फिल्म की स्क्रीनिंग जैसी विभिन्न प्रस्तुतियों के द्वारा उपस्थित जनसमूह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रमों में राज्य सरकार के अधिकारियों सहित आस-पास के गांवों और जिलों से भारी मात्रा में भीड़ देखी गई। इस आयोजन के दौरान केन्द्रीय सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया व उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड राज्य में से 30 जुलाई तक आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम के उत्तर प्रदेश राज्य के नोडल अधिकारी वीर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मा. सं. एवं प्रशा.), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड हैं। एके जैन, उप महाप्रबंधक एवं नीरज कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक, देहरादून जिले के नोडल अधिकारी हैं। यतवीर सिंह चौहान, उप प्रबंधक, जिला पौड़ी-गढ़वाल के नोडल अधिकारी, संजय रावत, वरिष्ठ प्रबंधक, जिला नोडल अधिकारी (कोटद्वार, पौड़ी-गढ़वाल), रवि बुड़लकोटी एवं राहुल जोशी, उप प्रबंधक, जिला नोडल अधिकारी (चंपावत) हैं।

## देश पर प्राण न्यौछावर करने वालों में उत्तराखंड के वीर अग्रणी: रविंद्र सिंह आनंद

नगर संवाददाता

**देहरादून।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान गोष्ठी का आयोजन कर शहीदों को नमन किया गया। प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि वे कारगिल में शहीद हुए वीर सपूतों, घायलों एवं कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले सभी वीर सपूतों को प्रणाम करते हैं। जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राणों की परवाह किए बगैर सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।



आम आदमी पार्टी के गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि उत्तराखंड वीरों की भूमि है। पार्टी उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया ने भी अपने विचार रखे। जिससे सभी भावुक हो गए। वक्ताओं के रूप में डॉ आरपी रतूड़ी, डीके पाल, सुधा पटवाल, कमलेश रमन, सीमा कश्यप, विपिन खन्ना, दर्शन डोभाल, शोएब मलिक, अशोक सेमवाल, सुशील सैनी, राजू मौर्या समेत अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।




## शराब तस्करी कर रहा युवक काबू

स्टाफ रिपोर्टर

**देहरादून।** रानीपोखरी पुलिस ने शराब तस्करी कर रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष रानीपोखरी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने रानीपोखरी स्थित वीरपुर मोड़ के समीप से स्कूटी सवार युवक प्रवीन कश्यप पुत्र वेद सिंह निवासी गोविंदनगर ऋषिकेश को शराब तस्करी करते गिरफ्तार किया। उधर, विकासनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान क्षेत्रांतर्गत अलग अलग जगहों से हैदर उफ जग्गा पुत्र गुलजार निवासी अंबाड़ी और मोहनलाल पुत्र अतर सिंह निवासी नवाबगढ़ को धारदार हथियार संग गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## स्कूली बच्चों को आपदा से निपटने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग में नगरपालिका रेंज को नैनापीक के वायरलेस कंट्रोल रूम से नैनीताल कलब में कांकिस का वृक्ष गिर जाने की सूचना प्राप्त हुई। गिरे हुए वृक्ष को वन विभाग व अग्नि शमन विभाग की टीम द्वारा रात्रि 9:15 बजे तक मौके से हटा दिया तथा मार्ग यातायात हेतु सुचारू कर दिया गया। एक अन्य घटना में हरिद्वार जनपद के बहादराबाद-हरिद्वार मार्ग पर पृथ्वीराज चौराहे के निकट पिलखन के दो वृक्ष ऊखड़ कर गिर जाने की सूचना प्राप्त हुई। वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर वृक्ष को मौके से हटा दिया गया है। एनडीआरएफ की एक सब टीम को खोज एवं बचाव कार्य हेतु हरिद्वार भेजा गया है। इसके अतिरिक्त टीम चमोली व उत्तरकाशी द्वारा विभिन्न स्कूलों में आपदा से निपटने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे कि स्थानीय जन मानस जागरूक हो सके।

बद्रीनाथ से आगे वसुधारा के पास 3 युवकों के लापता होने की सूचना पर कर रेस्क्यू टीम द्वारा जिला पुलिस के साथ संयुक्त सर्चिंग ऑपरेशन चलाकर तीनों युवकों को सकुशल बरामद कर लिया गया। जनपद पिथौरागढ़ के थाना नाचनी क्षेत्रांतर्गत जाकुला नदी में एक व्यक्ति के बहने की सूचना पर कर टीम द्वारा संभावित स्थानों पर सर्चिंग की जा रही है। चंडी घाट हरिद्वार में 2 व्यक्तियों के डूबने की सूचना पर टीम द्वारा घटनास्थल पर सर्चिंग की गई। सर्चिंग रिपोर्ट शून्य रही। सतपुली में एक व्यक्ति के नदी में डूबने की घटना पर टीम द्वारा गहन सर्चिंग करते हुए उक्त व्यक्ति का शव बरामद कर सिविल पुलिस के सुपर्द किया।



# राज्यपाल को एम्स ऋषिकेश की गतिविधियों की जानकारी दी

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान(एम्स) ऋषिकेश की नवनियुक्त निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। गौरतलब है कि प्रो. मीनू सिंह इससे पूर्व पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में पीडियाट्रिक पल्मोनोलॉजी और टेलीमेडिसिन की विभागाध्यक्ष रही हैं। इसके अलावा डा. मीनू सिंह ने बच्चों में अस्थमा, तपेदिक और सिस्टिक फाइब्रोसिस जैसी बीमारियों पर शोध कार्य कर चिकित्सा सेवा में अपना अहम योगदान दिया। इस दौरान निदेशक ने राज्यपाल को एम्स ऋषिकेश की गतिविधियों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि एम्स को उनके लम्बे अनुभव का लाभ मिलेगा। उत्तराखण्ड में एम्स जैसा विश्व स्तरीय संस्थान होना हमारे लिए गर्व की बात है। यह लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। उन्होने कहा कि एम्स जैसे संस्थान को हमेशा अनुसंधान एवं चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में वैश्विक मानकों को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य में उत्कृष्टता विकसित करें ताकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में योगदान दे सके।



# मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का फोकस राजस्व बढ़ाने पर

**देहरादून, क्राइम पेट्रोल संवाददाता।** वित्त मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा आबकारी विभाग में राजस्व प्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक विधानसभा स्थित सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ की गई। मंत्री ने कहा कि राज्य में राजस्व बढ़ाने की दिशा में आबकारी विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है। उन्होंने राजस्व बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि विगत वर्षों का बकाया जल्द ही वसूल किया जाए।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पड़ोसी राज्यों की अपेक्षा अच्छा राजस्व प्राप्ति का होना चाहिए। इस दिशा में उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने ट्रैस एड ट्रैकिंग पर जोर देते हुए कहा कि लिक्कर की बोतलों पर होलोग्राम ट्रैकिंग का कार्य सितम्बर माह के अन्त तक शुरू किया जाए। जिससे आबकारी पर होने वाले कालाबाजारी को प्राथमिकता के आधार पर रोका जा सके। उन्होंने कहा की होलोग्राम ट्रैकिंग व्यवस्था के माध्यम से राजस्व प्राप्ति में वृद्धि होगी तथा कालाबाजारी को रोकने में भी मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि आने वाले वित्तीय वर्ष में आबकारी से होने वाले राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य को बढ़ाकर 3600 करोड़ से अधिक किया जाए, इसके लिए उन्होंने बोटलिंग प्लान्ट को बढ़ावा देने तथा आबकारी दरों को कम करने के सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर बैठक में सचिव, वित्त सौजन्या, सचिव वित्त, दिलीप जावलकर, सचिव आबकारी, एचसी सेमवाल तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कारगिल में सूबे के जवानों ने बरकरार रखी राष्ट्र रक्षा की परम्परा

क्राइम पेट्रोल संवाददाता



**देहरादून।** गढ़वाल भ्रमण के दौरान सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने श्रीनगर में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। युद्ध में शहीद हुये भारतीय रणबांकुरों को नमन करते हुये डा. रावत ने कहा कि देश के वीर जवानों ने कारगिल की बर्फीली चोटियों पर अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन कर मां भारती की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे वीर जवानों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा-हमेशा के लिये याद रखेगा। उत्तराखंड को वीरों की भूमि बताते हुये उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में प्रदेश के कई जवानों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश रक्षा की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस को अब शौर्य दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत आज श्रीनगर के अदिति वेडिंग प्वाइंट में आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने कारगिल युद्ध में शहीद हुये भारतीय रणबांकुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डा. रावत ने इस दौरान सैनिक प्रकोष्ठ श्रीनगर के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने दुश्मनों के दांत खट्टे किये। कारगिल की बर्फीली पहाड़ियों को फतह कर भारतीय सेना ने अपने साहस एवं रणकौशल का लोहा पूरी दुनियां में मनवाया। डा. रावत ने कहा कि इस युद्ध में देश के कई रणबांकुरों ने अपनी जान की परवाह किये बिना मां भारती की रक्षा के लिये प्राणों की आहुति दी। राष्ट्र रक्षा के लिये उन वीर जवानों के बलिदान को हमेशा-हमेशा के लिये याद रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस को अब शौर्य दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कहा कि कारगिल युद्ध में उत्तराखंड ने भी अपने जवानों को खोया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिये उत्तराखंड के लोग हमेशा आगे रहे हैं और कारगिल युद्ध में भी अपनी शहादत देकर उत्तराखंडियों ने राष्ट्र रक्षा की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह भूमि वीरों की धरती है, यहां प्रत्येक परिवार से एक-एक जवान मां भारती की रक्षा में जुटा है। डा. रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है, हमारी सेनाएं पहले की अपेक्षा अधिक सक्षम व सशक्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संपत रावत सरल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लखपत सिंह भंडारी, कुशलानाथ, जितेंद्र धिरवान, सुरेंद्र सिंह नेगी, दिनेश पटवाल, जितेंद्र रावत, मानव बिष्ट, जगमोहन नेगी, पंकज सती, सुधीर जोशी, हरि सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे ।

# शातिर तस्करों से 60 लाख की स्मैक बरामद

क्राइम पेट्रोल संवाददाता



**हल्द्वानी।** 60 लाख कीमत की स्मैक के साथ उत्तर प्रदेश के दो तस्करों को एसओजी व लालकुआं कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। नशे के इन दोनों सौदागरों के पास से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई है। दोनों ही घर पर ही स्मैक बनाकर नैनीताल जनपद के विभिन्न क्षेत्र में ऊंचे दामों में बेचकर युवाओं को नशे की गर्त में धकेल कर मोटा मुनाफा कमाते थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट के द्वारा जनपद में नशा उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे हैं। अभियान के तहत पुलिस को बीती रात्रि बड़ी सफलता मिली। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं संजय कुमार के नेतृत्व में एसओजी नैनीताल एवं उप निरीक्षक गुरविन्दर कौर, चौकी प्रभारी बिन्दुखत्ता के द्वारा पुराना सुभाषनगर बैरियर से 20 मीटर नगला की ओर जाने वाले रास्ते के पास मुख्य मार्ग पर चैकिंग के दौरान स्कूटी को रोककर चैक किया गया। स्कूटी में सवार दोनों व्यक्तियों से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम साजिद पुत्र लईक अहमद निवासी कस्बा शीशगढ़ मोहल्ला गड़ी थाना शीशगढ़ जिला बरेली उम्र 34 वर्ष तथा दिलशाद पुत्र स्व अब्दुल सलाम निवासी कस्बा शीशगढ़ मौहल्ला गड़ी थाना-शीशगढ़ जिला बरेली उम्र 20 वर्ष बताया। पुलिस के अनुसार साजिद के कब्जे से 327 ग्राम स्मैक व दिलशाद के कब्जे से 280 ग्राम स्मैक कुल 607 ग्राम स्मैक बरामद हुई। कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उन्होंने बताया कि हम उक्त स्मैक स्वयं बनाते हैं। बिक्री करने हल्द्वानी, लालकुआं, नैनीताल के आस पास क्षेत्र मे अधिक कीमत में बेचकर पैसे कमा लेते है। स्मैक को बेचकर होने वाला मुनाफे को दोनों आपस मे बांट लेते थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उनके पिछले आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में भी जानकारी की जा रही है। लालकुआं पुलिस और एसओजी द्वारा भारी मात्रा में पकड़ी गई स्मैक को लेकर डीआईजी कुमाऊं परिक्षेत्र नीलेश आनंद भरणे ने टीम को 30 हजार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट ने पुलिस टीम को 20 हजार नगद पुरस्कार से पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।

# मंडलायुक्त दीपक रावत ने कार्यालय का किया निरीक्षण

नगर संवाददाता

**नैनीताल।** मण्डलायुक्त दीपक रावत ने मण्डल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखे दस्तावेज व पुराने अभिलेखों की सम्बन्धित पटल सहायक को जानकारी न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित पटल सहायक को तीन दिन के भीतर सभी फाइल की अनुक्रमणिका को समझने व स्वयं को अपडेटेड करने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यालय के दस्तावेजों व अभिलेखों को वार्षिक तरीके से संरक्षित किया जाए जिससे अभिलेखों को खोजने में अधिक समय न लगे, इसके लिए अभिलेखों को अद्यतन



भी किया जाना आवश्यक है। मण्डलायुक्त ने कहा कि कुमाऊँ मण्डल के समस्त जिलों के कोर्ट के रिकॉर्ड व ब्रिटिश काल के भी दस्तावेज कार्यालय में संरक्षित किये जाते हैं। साथ ही लोगों के द्वारा नकल भी ली जाती है।

इसको देखते हुए अभिलेखों को वर्षवार तरीके से वर्गीकृत किया जाए व इनके बस्तों में क्रमांक अंकित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में आने वाली डाकों की प्राप्ति का रखरखाव सही पाया गया किन्तु कार्यालय से अन्य विभागों व जनपदों को प्रेषित की जाने वाली डाकों के रखरखाव व अंकन में कमी पायी गई। साथ ही पोस्ट ऑफिस से द समय पर रसीद न लिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने डाक के रखरखाव में सुधार के निर्देश दिए।

संपादकीय...............

# मौसम का बिगड़ा मिजाज बढ़ा रहा परेशानी

मौसम के बिगड़े मिजाज ने लोगों के सामने दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। मानसून की बारिश से पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन, बोल्डर गिरने की घटनाएं हो रहीं हैं। वहीं बारिश के बाद मैदानी इलाकों में नदियों का जलस्तर उफान मार रहा है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल जुलाई के अंत तक प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। आज भी देहरादून समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह से रूक रूककर बारिश होती रही। हालांकि बीच बीच में बारिश रूकी तो मगर आसमान में काले बादल अपना डेरा डाले हुए हैं। मौसम विभाग की ओर से 31 जुलाई तक मौसम को लेकर पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं कहीं तीव्र बौछार के साथ पर्वतीय क्षेत्रों के अधिकांश स्थानों व मैदानी क्षेत्रों के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। जबकि गुरूवार को जनपदों में कहीं कहीं तीव्र बौछार के साथ अधिकांश स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। शुक्रवार और शनिवार को भी कमोबेश गुरूवार जैसा मौसम रहने वाला है। जबकि 31 जुलाई रविवार को प्रदेश में कहीं कहीं तीव्र बौछार के साथ अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, गर्जन के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग की और से 31 जुलाई तक मौसम को लेकर जो चेतावनी जारी की है, उसके अनुसार बुधवार को नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर जनपदों में कहीं कहीं भारी बारिश की संभावना है। जबकि गुरूवार को बागेश्वर, चंपावत तथा उधमसिंह नगर में कहीं कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। शुक्रवार को देहरादून तथा नैनीताल में कहीं कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि शनिवार को नैनीताल, चंपावत तथा देहरादून में कहीं कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 31 जुलाई के मौसम को लेकर विभाग नजर बनाए हुए है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डा. बिक्रम सिंह के अनुसार 27 से लेकर 30 जुलाई तक भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान संवेदनशील हलाकों में हल्के से मध्यम भूस्खलन और चट्टान गिरने के कारण कहीं कहीं सड़कों में अवरोध कटाव हो सकते हैं। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में कहीं कहीं नालों और नदियों का जल स्तर बढ़ सकता है साथ ही मैदानी इलाकों में जलभराव की स्थिति बन सकती है। उन्होंने कहा कि नदी नालों के समीप रहने वाले लोगों को सावधान करने और सुरक्षित स्थान पर रहने की जरूरत है। सलाह दी जाती है कि आवागमन के दौरान सावधानी बरतें। किसानों को सलाह है कि पकी हुई फसल सब्जियों को काटकर सुरक्षित स्थानों पर रखने की व्यवस्था करें। साथ ही खेतों से अतिरिक्त पानी निवासी की व्यवस्था कर लें।

# वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के संयंत्र कार्यात्मक लक्षण-आधारित मूल्यांकन पर वेबिनार का आयोजन

**नगर संवाददाता**

**देहरादून।** डॉ. रेणु सिंह आईएफएस, निदेशक एफआरआई ने मुख्य अतिथि के रूप में वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के संयंत्र कार्यात्मक लक्षण-आधारित मूल्यांकन पर वेबिनार का उद्घाटन किया। उद्घाटन भाषण में, निदेशक ने कहा कि हमने प्रचलित पर्यावरणीय परिवर्तनों और मानवजनित दबावों के कारण जंगलों के क्षरण को अलग-अलग हद तक देखा है और इस प्रकार वनों की कार्यप्रणाली से समझौता किया जा रहा है जिससे सेवाओं का प्रवाह कम हो रहा है।



उन्होंने कहा कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र अत्यधिक विविध पारिस्थितिक तंत्रों को आश्रय देता है और मानव समुदायों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पहाड़ के लोगों के साथ-साथ नीचे की ओर रहने वाले समुदायों को कई पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करता है, इसलिए उनका संरक्षण मानव जाति के समर्थन के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वनों से विभिन्न पारिस्थितिक तंत्र सेवा वितरण के तंत्र को समझने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के कार्यों के मॉडलिंग के लिए कार्यात्मक लक्षणों पर एक डेटाबेस की आवश्यकता है।

डॉ राजीव पांडे, वैज्ञानिक प्रमुख, वानिकी सांख्यिकी विभाग, आईसीएफआरई ने पारिस्थितिकी तंत्र सेवा मूल्यांकन पर एक व्याख्यान दिया. उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र मूल्यांकन के लक्ष्यों, वर्तमान चुनौतियों और पौधों की कार्यात्मक विविधता के दृष्टिकोण और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा मूल्यांकन के बारे में चर्चा की. इस वेबिनार में डॉ. तारा चंद, वैज्ञानिक, वन पारिस्थितिकी और जलवायु परिवर्तन प्रभाग द्वारा उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हिमालयी समशीतोष्ण वनों में पादप कार्यात्मक लक्षणों के आकलन पर एफआरआई पहल पर एक प्रस्तुति दी गई। डॉ. विजेंद्र पंवार, प्रमुख, वन पारिस्थितिकी और जलवायु परिवर्तन प्रभाग और एनविस समन्वयक, सभी प्रभागों के प्रमुख, डीन और रजिस्ट्रार एफआरआईडीयू, रजिस्ट्रार एफआरआई, संस्थान के अधिकारी / वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारी वेबिनार में शामिल हुए। डॉ. पारुल भट्ट कोटियाल ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

# साहसिक पर्यटन के तहत बर्ड वॉचिंग की अपार संभावनाएं

**क्राइम पेट्रोल संवाददाता**

**पौड़ी।** जिले में साहसिक पर्यटन के तहत वर्ड वॉचिंग का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण नागदेव, कंडोलिया, खिरसु में युवाओं को तकनीकी जानकारियां दी जाएंगी। प्रशिक्षण 26 जुलाई से शुरु हो गया है तथा 31 जुलाई तक चलेगा। जिसमे पौड़ी जिले के 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है। स्थानीय युवाओं का रुझान देखा गया है।



पौड़ी जिले के जिलाधिकारी के तत्वाधान में जिला पर्यटन विकास परिषद के जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री द्वारा संचालित पाँच दिवसीय बर्ड वॉचिंग प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। 26 जुलाई से प्रशिक्षण कार्यक्रम विधिवत रूप से शुरु किया गया। इस प्रशिक्षण को करवाने का उद्देश्य स्थानीय युवाओं में साहसिक खेलो व पर्यटन के प्रति जागरूक करना व उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। इसी के साथ स्थानीय युवाओ में आत्म विशास जागृत करना व नेतृव क्षमता को प्रेरित करना है। जिससे उनका आत्मबल बड़े व समाज मे अपने को स्थापित कर पाने में सफल हो सकें। हर मौसम में चिड़ियाएं यहाँ वहाँ विचरण करती है, मानसून में भी कई तरह की स्पीशीज देखने को मिलती है। नागदेव, खिर्सू में बहुयात मात्रा में विभिन्न पक्षी मौसम के अनुसार आती जाती रहती है। यह स्थान बर्ड वॉचिंग डेस्टिनेशन विकसित होने के बाद बहुत बड़ा अवसर हो सकता है। वाइल्ड लाइफ रिचर्स व फोटोग्राफी के लिए रिसर्च का बहुत बड़ा क्षेत्र हो सकता है। जिसको प्रशिक्षण के दौरान युवाओ के साथ साझा किया जाएगा। ऐसे प्रशिक्षण करवाने से युवाओं की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है और स्वरोजगार के लिए प्रेरित होते है। इस प्रशिक्षण में बर्ड वॉचिंग के बारे में बताया जाएगा, तकनीकी जानकारियां दी जाएगी। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के बारे में बताया जाएगा, बिनोक हैंडलिंग बताया जाएगा, बर्ड को पहचान करना इत्यादि की जानकारियां इस प्रशिक्षण में दी जायेंगी। इस प्रशिक्षण में लड़के व लडकिया दोनों प्रतिभाग किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षक अनुभवी व मान्यता प्राप्त संस्थान से उच्च शिक्षा प्राप्त है।

# बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**क्राइम पेट्रोल संवाददाता**

**पौड़ी।** उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा 2047 तथा स्वतंत्रता के 75वें अमृत महोत्सव के तहत प्रेक्षागृह में बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा वंदना गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार लगातार लोगों के हितों में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि घर-घर बिजली पहुंचाने में सरकार द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा अलग-अलग तरह के विद्युत उत्पादन के मॉडल तैयार किये गये। स्थानीय विधायक, जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा मॉडल का निरीक्षण कर छात्रों की सराहना की गई। साथ ही पीपीटी के माध्यम से सरकार द्वारा ऊर्जा के क्षेत्र में किये गये कार्यो को भी अवगत कराया। उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा कार्यक्रम के अवसर पर स्थानीय विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा विद्युत उत्पादन एवं उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अनेक योजना संचालित की जा रही हैं, जैसे प्रधानमंत्री उजाला योजना के अंतर्गत बहुत कम दाम पर एलईडी बल्ब का व्यापक वितरण, प्रधनमंत्री सोलर प्लांट तथा मुख्यमंत्री सौर ऊर्जा योजना, उरेड़ा विभाग के सौजन्य से अक्षय ऊर्जा उत्पादन इसी तरह भारत सरकार द्वारा कुसुम योजना, अंतराष्ट्रीय सौर ऊर्जा गठबंधन तथा जैविक कूड़े से विद्युत उत्पादन के प्रयास किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी डा. विजय कुमार जोगदण्डे ने विद्युत बचत के तरिकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम छोटे-छोटे प्रयासों से किस तरह से ऊर्जा को बचा सकते हैं तथा पर्यावरण की सेवा कर सकते हैं कहा कि ऑनलाइन विद्युत बिलों का भुगतान, किसी भी क्षेत्र में विद्युत कटौती की पूर्व में सूचना, इलेक्ट्रानिक मीटर तथा निर्धारित समय अवधि में कनेक्शन लेने की सुविधा के साथ ही ऑनलाइन शिकायत निवारण और की किसी भी प्रकार की सहयोग हेतु टोल फ्री नम्बर से सहायता प्रदान करने की व्यवस्थाओं प्रदान की गई है।

# महिलाओं के जलाभिषेक पर कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी अमर्यादित: चौहान

**नगर संवाददाता**

देहरादून। भाजपा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष करन माहरा की मातृ शक्ति के कांवड़ लाने और जलाभिषेक पर की गयी टिप्पणी की आलोचना करते हुए बेहद अमर्यादित, अपमानजनक व निंदनीय बताया। पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने महिलाओं को लेकर इस अशोभनीय बयान के लिए माहरा से सार्वजनिक माफी की मांग की है।

चौहान ने आरोप लगाया कि करन माहरा समेत अधिकांश कांग्रेसी नेता अपने आलाकमान को खुश करने के लिए कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते। उनका कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य और भाजपा की सफलता से नाराज होना स्वाभाविक है, लेकिन अपनी खीज उतारने के लिए मातृ शक्ति का इस तरह अपमान अक्षम्य है। कोई भक्ति भाव से अपने आसपास एवं समाज से लोगों को काँवड़ यात्रा में शामिल होने की अपील करता है तो उस पर राजनैतिक टीका टिप्पणी करना किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

बेहतर होता करन माहरा राजनीति से ऊपर उठकर बेटियों के सम्मान, स्वाभिमान व सशक्तिकरण के लिए इस काँवड़ यात्रा में सहयोग देते। लेकिन वावजूद इसके उनका शिव भक्ति से महिलाओं को वर्जित करने का हवाला देना अत्यधिक अशोभनीय है और मातृ शक्ति का अपमान है।

# 'मुझे भी जन्म लेने दो' मंत्री रेखा आर्या की एक प्रशंसनीय पहल

**नगर संवाददाता**

**देहरादून।** 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंर्तगत वर्ष 2025 तक उत्तराखंड में बाल लिंगानुपात को प्रति 1000 बालकों पर 1000 बालिकाएं करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ हर की पौड़ी से वीरभद्र महादेव मंदिर ऋषिकेश तक मंत्री रेखा आर्य की अगुआई में संकल्प कांवड यात्रा "मुझे भी जन्म लेने दो" शिव के माह में शक्ति का संकल्प का समापन वीरभद्र महादेव मंदिर ऋषिकेश में किया गया। यात्रा समापन पर उन्होनें हरिद्वार से नगें पांव यात्रा में सम्मिलित हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पिंकी आंगनबाड़ी केन्द्र रावली महदूद-12 हरिद्वार की चरणवंदना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वित्त मंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल ने मंदिर परिसर में कावड़ यात्रा "मुझे



भी जन्म लेने दो" का स्वागत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु शुभकामनाएं दी।

मंत्री रेखा आर्य ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों एवं जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इसके लिए विभाग द्वारा संपूर्ण राज्य एवं देश में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" का संदेश देने हेतु विभाग द्वारा इस कावंड यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने यात्रा को सफल बनाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमने यात्रा के पड़ाव में संकल्प लिया कि बेटी के जन्म से उसको नैतिक सहायता उपलब्ध कराने तथा निश्चय किया कि आंगनबाड़ी केन्द्र बालिकाओं को बचाने आगे बढाने के लिए पूर्ण जिम्मेदारी के साथ तैयार होकर कार्य करेगा। साथ ही कहा कि उत्तराखण्ड को देवभूमि के नाम से जाना जाता है, आगे इसे देव और देवीयों की भूमि के नाम से जाना जाएगा। इस देवभूमि से संकल्प लेना है कि बेटियों को बचाने एवं उनका सशक्तिकरण करते हुए उन्हें आगे बढ़ाना है, बाल विकास विभाग बालिकाओं/महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु कार्य कर रहा है। उन्होंने मा0 प्रधानमंत्री जी के संकल्प "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" को सफल बनाने हेतु सबसे सहयोग की अपेक्षा करते हुए अगले तीन वर्ष में लिंगानुपात को प्रति 1000 बालकों पर 1000 बालिकाएं करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त के लिए सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को इस कार्य में अपना योगदान देना है, तथा अपने गांव व क्षेत्र की महिलाओं की गर्भवती होने से प्रसव तक की मॉनिटरिंग/सूचनाएं रखनी होगी, विशेषकर डेढ़ माह के गर्भ में ज्यादा सचेत रहकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में कहीं पर भ्रूण हत्या व लिंगानुपात की जांच करायी जा रही हो तो इसकी सूचना दें। सूचना देने वाला का नाम गोपनीय रखा जाएगा, तथा 10 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में दिये जाएंगे।

# खिलाड़ियों की चोटों के इलाज और फिटनेस के लिए शुरू होगा स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग

**नगर संवाददाता**

**देहरादून।** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (दून अस्पताल) में दिल के मरीजों के लिए जल्द ही कैथलैब खुलने जा रही है। इससे हृदय रोगियों की हार्ट सर्जरी हो सकेगी। प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना ने बताया कि शासन स्तर पर प्रस्ताव दोबारा से भेज दिया गया है। वहां से सकारात्मक जवाब मिला है। इसके साथ ही स्पोर्ट्स के दौरान चोट आदि लगने और खिलाड़ियों की फिटनेस के लिए स्पोर्ट्स मेडिसन विभाग की भी स्थापना की जा रही है। पीएमआर विभाग के एचओडी डा. अभिषेक चौधरी इस संबंध में दिल्ली में उच्चाधिकारियों से मीटिंग करके आए हैं।



उक्त आशय की जानकारी राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने मंगलवार को दून अस्पताल के नई ओपीडी भवन स्थित अपने कार्यालय सभागार में उत्तरांचल प्रेस क्लब की स्मारिका/डायरेक्टरी वितरण कार्यक्रम में संबोधन के दौरान दी। उन्होंने कहा कि 13 व 14 अगस्त को दून में राष्ट्रीय सर्जरी कांफ्रेंस होने जा रही है। इसके साथ ही नई ओटी व आईसीयू बिल्डिंग शुरू हो जाएगी। इस बिल्डिंग में 10 ऑपरेशन थियेटर होंगे। नई ओटी में 13 व 14 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय स्तर के सर्जन ऑपरेशन करेंगे, जिसे कांफ्रेंस में भाग लेने वाले डॉक्टर्स लाइव देखेंगे और अपने सवाल कर सकेंगे। प्राचार्य डॉ. सयाना ने बताया कि महिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर वहां 500 बेड का नया जच्चा-बच्चा अस्पताल बनाया जाएगा। न्यू रोड स्थित पुराने एमएस आवास के स्थान पर पांच मंजिला आवासीय टावर बनाया जा रहा है, जहां 50 पीजी रेजिडेंट डॉक्टर्स के लिए फ्लैट्स होंगे, ताकि मरीजों की त्वरित देखभाल हो सके। डॉ. सयाना ने उत्तरांचल प्रेस क्लब के साथ पत्रकारों के लिए फ्री मेडिकल कैम्प और अन्य चिकित्सीय सुविधाओं के संबंध में विस्तृत विमर्श की भी बात कही।

दून अस्पताल के एमएस डॉ. केसी पंत और डिप्टी एमएस डॉ. एनएस खत्री ने पत्रकारों के कार्य को डॉक्टरों की तरह चुनौतीपूर्ण बताया। साथ ही कहा कि पत्रकार और अखबार समाज का दर्पण होता है। अखबारों में छपी खबरों को सुधार की दृष्टि से देखना चाहिए। उन्होंने प्रेस क्लब की डायरेक्ट्री को जानकारियों के लिहाज से बहुपयोगी बताया। प्रेस क्लब अध्यक्ष जितेंद्र अंथवाल और महामंत्री ओपी बेंजवाल ने स्मारिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी और दून अस्पताल को कोरोनाकाल में पत्रकारों के हित में किए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। संचालन क्लब की स्वास्थ्य समिति के सदस्य चांद मोहम्मद ने किया।

इस दौरान कोरोना नोडल अधिकारी डा. अनुराग अग्रवाल, कैंसर रोग विभाग एचओडी डा. दौलत सिंह, वरिष्ठ सर्जन डा. अभय कुमार और डा. धनंजय डोभाल, बाल रोग विशेषज्ञ डा. अशोक कुमार और डा. विशाल कौशिक, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. सुशील ओझा, सीपीआरओ महेंद्र भंडारी, पीआरओ सुधा कुकरेती, एनएस सतीश धस्माना, एएनएस मंजू चौहान, जौसलीन गुप्ता, यशोदा भंडारी, फीजियोथैरेपिस्ट रूचि सेमवाल, अनिल बिष्ट, मुकेश नौटियाल, दीपक राणा, अभय नेगी, विनोद नैनवाल, गौरव चौहान, रोहित वर्मा, दुर्गा मैखुरी, विनोद नेगी व प्रेस क्लब कार्यालय प्रभारी सुबोध भट्ट आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस के सत्याग्रह को बताया राजनैतिक ड्रामा

**नगर संवाददाता**

**देहरादून।** भाजपा ने सोनिया गांधी की ईडी में पेशी के खिलाफ कांग्रेसी सत्याग्रह को कांग्रेसी दुराग्रह बताते हुए राजनैतिक ड्रामा करार दिया है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के इस विरोध को 'चोरी पर सीनाजोरी' कहते हुए जांच ऐजेंसियों को दबाव में लाने और जनता का ध्यान भटकाने का असफल प्रयास बताया।



सुयाल ने अफसोस जताते हुए कहा कि आज जब देश आजादी का 75वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है तो देश की सबसे पुरानी और आजादी दिलाने का दावा करने वाली कॉंग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता भ्रष्टाचार आरोप में बेल पर हैं और जांच ऐजेंसियों के सामने पेश हो रहे हैं। लेकिन इससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है कॉंग्रेस पार्टी और उसके नेताओं का विरोध प्रदर्शन करते हुए संवैधानिक जांच ऐजेंसियों पर दबाव की कोशिश करना। उन्होने सवाल करते हुए कहा कि सोनिया या राहुल गांधी जांच का सामना करने से क्यूँ घबरा रहे हैं। उन्होंने सलाह देते हुए कहा, बेहतर होता ध्यान हटाने के लिए आंदोलन करने बजाय कोंग्रेसी नेताओं को जनसरोकारों के लिए रचनात्मक भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। क्यूंकि केंद्रीय एजेंसियां इस तरह के राजनैतिक प्रपंचों से दबाव में नहीं आने वाली और देर सबेर सच सामने आ ही जाएगा।

# समस्याओं पर मंथन को लेकर 31 जुलाई को सजेगी चौपाल

**नगर संवाददाता**

**देहरादून।** गोल्डन कार्ड की खामियों को लेकर प्रदेश के सभी कार्मिक-शिक्षक-पेंशनर्स व उनके परिवार के आश्रित सदस्यों की परेशानी को दूर किये जाने समेत अन्य मांग को लेकर महासंघ की ओर से 31 जुलाई को बैठक बुलाई गई है। उत्तराखण्ड अधिकारी-कार्मिक-शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक जोशी द्वारा बताया गया है कि राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के स्तर पर कार्मिकों, शिक्षकों, पेशनर्स व पारिवारिक सदस्यों के चिकित्सा दावों के निस्तारण में उदासीनता बरती जा रही है। कहा कि इसके विरोध में कार्मिक-शिक्षक व पेशनर्स के इस ज्वलन्त मुद्दों पर एक ठोस रणनीति तय किये जाने हेतु बैठक बुलायी गयी है। यह बैठक सामूहिक सहयोगिता से सम्पन्न होगी। इस बैठक में पदाधिकारियों के अतिरिक्त संघ/संगठन के प्रति जागरूक व क्रान्तिकारी साथीगण भी स्वत: स्फूर्त रूप से आमंत्रित किये गये हैं, जिसके आधार पर अग्रेत्तर रणनीति तय की जायेगी।

उन्होंने बताया कि गोल्डन कार्ड की व्यवस्था को धरातल पर सही प्रकार से क्रियान्वित न कराये जाने की स्थिति को लेकर, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से आक्रोशित उत्तराखण्ड अधिकारी-कार्मिक शिक्षक महासंघ द्वारा गोल्डन कार्ड को सरकार की मंशा के अनुरूप कार्मिकों, शिक्षकों व पेशनर्स की भावनाओं के अनुरूप सदोपयोगी व अपेक्षानुरूप बनाये जाने के संदर्भ में राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के विरूद्ध व्यापक आन्दोलन तय किये जाने, प्रदेश में पूर्व एसीपी की व्यवस्था 10, 16 व 26 वर्ष का निर्धारण कराये जाने तथा शिथिलीकरण नियमावली, 2021 को पुन: अग्रेत्तर अवधि हेतु बढ़ाये जाने के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर 31 जुलाई को सुबह साढ़े ग्यारह बजे गौरव होटल, तहसील चौक देहरादून में एक वृहद्व बैठक आयोजित की है। जिसमें महासंघ के प्रान्तीय व जनपदीय पदाधिकारियों सहित प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त संघ/परिसंघों के सम्मानित पदाधिकारीगण तथा पेंशनर्स एसो. के सम्मानित पदाधिकारीगण आमन्त्रित किये गये हैं।

## सरेंडर राशन कार्डों के बदले जरूरतमंदों को कार्ड मुहैया कराने में तेजी लाए सरकार: मोर्चा

**क्राइम पेट्रोल संवाददाता**



**विकासनगर।** जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश के अपात्र धनाढ्य लोगों से अंत्योदय/ बीपीएल राशन कार्ड सरेंडर कराए गए थे। जिनकी संख्या लगभग 60-70 हजार है, लेकिन अब तक सरेंडर राशन कार्ड गरीब जरूरतमंद परिवारों को शत -प्रतिशत निर्गत नहीं हो पाए। जिस कारण हजारों टन सरेंडर खाद्यान्न गोदामों की शोभा बढ़ा रहा हैं। अगर ये सरेंडर खाद्यान्न जरूरतमंदों को निर्गत हो जाता तो इस बरसात के सीजन में दिहाड़ी- मजदूरी करने वाले गरीबों को काफी राहत मिलती। नेगी ने कहा कि प्रदेश के 60-70 हजार परिवारों को अगर शीघ्र राशन कार्ड निर्गत हो जाते हैं तो उन परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिल सकती है। मोर्चा शीघ्र ही इस मामले को लेकर शासन में दस्तक देगा।

## महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर

**क्राइम पेट्रोल संवाददाता**



**देहरादून।** बुधवार देर शाम धामी सरकार की कैबिनेट बैठक होनी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय स्थित विश्वकर्मा भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। शाम 5 बजे से शुरू होने वाली कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। माना जा रहा कि बैठक में हरिद्वार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को हरी झंडी मिल सकती है। साथ ही ई-वाहन, ई-चार्जिंग पॉलिसी के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। सरकारी अस्पतालों में आउटसोर्स कर्मचारियों को लेकर प्रस्ताव, आउटसोर्स कर्मियों को लेकर कैबिनेट सब कमेटी की सिफारिश, नर्सिंग नियमावली में संशोधन जैसे प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।
गौर रहे कि धामी सरकार राजस्व बढ़ाने समेत विकास योजनाओं पर फोकस किए हुए है। वहीं फिजूलखर्ची रोकने के लिए भी मुख्यमंत्री धामी लगातार फैसला ले रहे हैं। मुख्यमंत्री के ताजा फैसलों में सचिवालय के अफसरों के निजी स्टाफ में कटौती, अफसरों की सेवा में तैनात निजी स्टॉफ में कटौती, है, प्रमुख सचिव के निजी स्टॉफ में कटौती और सचिव स्तर के अधिकारियों के निजी स्टॉफ में कटौती आदि प्रमुख हैं।



## मेधावी बच्चों की डीएम ने ली क्लास

**क्राइम पेट्रोल संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने बुधवार को हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं से जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में चर्चा की। डीएम ने सभी छात्र छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों में मेहनत कर आप सभी ने अपने माता-पिता एवं जिले का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को जरूरी टिप्स भी दिए। 10वीं की छात्रा द्वारा यूपीएससी को लेकर जिलाधिकारी से सवाल किया। जिलाधिकारी ने छात्राओं से कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नही है। हर स्तर पर सीखने की कोशिश करें जो विषय पढ़ा जा रहा है उसका समाज में क्या प्रभाव पड़ा है, उसको जानना जरूरी है। अपने छोटे-बड़ों से सीखने का भाव रखें। तथा अपने माता-पिता से अपनी पढ़ाई और समस्या को लेकर जरूर बाते साझा करें। इस दौरान दसवीं के मेधावी छात्र अनुदीप सेमवाल, आयुष अवस्थी, समीक्षा, तनुजा एवं 12वीं का छात्र विपिन सिंह एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में एक की मौत, 7 घायल

**स्टाफ रिपोर्टर**

**देहरादून।** उत्तराखंड में दुर्घटनाओं पर लगाम नहीं लग सका है। अलग-अलग हादसे में एक किशोर की मौत हो गई। वहीं सात लोग घायल हुए हैं। बीती रात उत्तरकाशी में गोरशाली- जखोल मोटर मार्ग पर एक छोटा हाथी 30 मीटर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में ड्राइवर सहित 5 लोग सवार थे, जिसमे तीन बच्चे जो सामान्य घायल तथा एक गंभीर घायल हुआ है।
घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ और पुलिस ने सभी घायलों को खाई से बाहर निकाला और 108 के माध्यम से सीएचसी भटवाड़ी में भर्ती कराया। मृतक की पहचान सुजल पुत्र सोहन निवासी ग्राम गोरशाली के रूप में हुई है। जबकि इस घटना में अमन पुत्र किशन निवासी ग्राम गोरशाली, लक्की पुत्र किशोरी निवासी ग्राम गोरशाली, अरमान पुत्र सोहन निवासी गोरशाली, धर्मेन्द्र पुत्र नागूलाल निवासी गोरशाली के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे शव विच्छेदन गृह भेज दिया है। उधर, पौड़ी में कोटद्वार चिलरखाल मोटर मार्ग पर निम्बूचौड़ के समीप सुखरो पुल के समीप बाइक सवार युवकों की आपसी टक्कर में तीनों लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए। तीनों गम्भीर रूप से घायलों को 108 की मदद से कोटद्वार बेस अस्पताल लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार दुपहिया वाहन में तीन युवक कोटद्वार शहर की ओर से आ रहे थे। बाईक सवार युवकों ने विपरीत दिशा से आ रहे ई रिक्शा पर जोरदार टक्कर मारी। ई रिक्शा की वजह से दूसरी ओर चल रहे बाईक सवार भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। बाईक सवार तीसरा युवक दूर छिटक गया और बाद में मौके दुपहिया वाहन लेकर भाग गया। एक बाइक सवार मुकुल व राहुल दोनों निवासीगण सिम्मलचौड़ तथा ई रिक्शा से टकराने पर दूसरी बाइक के चालक विनोद कुमार घायल हुए हैं।

## जिलाधिकारी ने लिया तहसील की व्यवस्थाओं का जायजा

**नगर संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सोनिका पद संभालने के बाद लगातार शहर का निरीक्षण कर रही हैं। शहर के ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार और स्मार्ट सिटी कार्यों को लेकर वे मुखर हैं। बुधवार को जिलाधिकारी सोनिका ने तहसील का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि जनता को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा जो लोग तहसील में आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र या किसी भी समस्या को लेकर आते हैं उसका निस्तारण शीघ्र से शीघ्र होना चाहिए, इसके साथ ही कार्यालय का साइन बोर्ड भी लगा होना चाहिए।



## अवैध खनन में चार वाहन सीज

**स्टाफ रिपोर्टर**

देहरादून। कोतवाली विकासनगर क्षेत्रांतर्गत चौकी कुल्हाल पुलिस ने देर रात अवैध खनन के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। चौकी प्रभारी कुल्हाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा ओवरलोड/अवैध खनन सामग्री/प्रतिबंधित खनन सामग्री परिवहन करने पर 4 वाहन को कुल्हाल क्षेत्र से संबंधित एक्ट के तहत सीज किया। पुलिस ने बताया कि ओवरलोडिंग वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, नोट:- समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।